| दिनांक 20.10.2024 |
|---|
| प्रेस विज्ञप्ति 30/2024 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद मेरठ/थाना कंकरखेडा

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **पुलिस कार्यवाही में 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 01 लाख 30 हजार 500 रूपये नगद**
- **02 अवैध शस्त्र विभिन्न बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 मोबाइल फोन**
- **01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 20.10.2024 को थाना कंकरखेडा व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पावली खास गंदा नाला के पास बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1—सौरभ घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के निशादेही पर अभियुक्त 2—हरित 3—मुनेद्र को ग्राम सिवाय से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही पर लूट के 01 लाख 30 हजार 500 रूपये नगद, 02 अवैध शस्त्र विभिन्न बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 मोबाइल फोन, 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुई। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 16.10.2024 को थाना कंकरखेडा क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कंकरखेडा पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया उक्त लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना कंकरखेडा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सौरभ निवासी ग्राम हसनपुर कला थाना किठौर जनपद मेरठ।

2–हरित निवासी ग्राम मुरादगढ़ी थाना खानपुर जनपद बुलन्दशहर।

3–मुनेद्र निवासी ग्राम मुरादगढ़ी थाना खानपुर जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी**

1–लूट के 01 लाख 30 हजार 500 रूपये नगद।

2–02 अवैध शस्त्र विभिन्न बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

3–01 मोबाइल फोन।

4–01 मोटर साइकिल आदि।

**जनपद मुरादाबाद/थाना सिविल लाइन**

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 12 लाख रूपये कीमत के सोने–चाँदी के आभूषण आदि**
- **चोरी के 05 लाख 12 हजार 100 रूपये नगद बरामद**

दिनांक 20.10.2024 को थाना सिविल लाइन पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर रेलवे अस्पताल के पास से 03 अभियुक्तों 1–हरीश 2–विनीत उर्फ बन्टी 3–अभियुक्ता को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 12 लाख रूपये कीमत के सोने–चाँदी के आभूषण आदि, चोरी के 05 लाख 12 हजार 100 रूपये नगद बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि थाना सिविल लाइन क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना सिविल लाइन पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण, रूपया चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—हरीश निवासी कपूर कम्पनी रेलवे क्वार्टर थाना सिविल लाइन जनपद मुरादाबाद।

2—विनीत उर्फ बन्टी निवासी पीतल नगरी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद।

3—अभियुक्ता

**बरामदगी**

1—लगभग 12 लाख रूपये कीमत के सोने—चाँदी के आभूषण आदि।

2—चोरी के 05 लाख 12 हजार 100 रूपये नगद।

## जनपद मैनपुरी/थाना किशनी

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 06 लैपटॉप, 02 मोबाइल फोन**
- **चोरी की 03 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 19.10.2024 को थाना किशनी व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर नगला तारा के बम्बा पुलिया के पास से 02 अभियुक्तों 1—लवकुश 2—कन्हैया उर्फ रिषभ को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 06 लैपटॉप, 02 मोबाइल फोन, चोरी की 03 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त लवकुश व कन्हैया उर्फ रिषभ के विरूद्ध जनपद मैनपुरी के विभिन्न थानो में चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के एक—एक दर्जन अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद लैपटॉप, मोबाइल फोन, मोटर साइकिल आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना किशनी पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–लवकुश निवासी ग्राम कैरावली थाना करहल जनपद मैनपुरी।

2–कन्हैया उर्फ रिषभ निवासी ग्राम कैरावली थाना करहल जनपद मैनपुरी।

**बरामदगी**

1–चोरी के 06 लैपटॉप, 02 मोबाइल फोन।

2–चोरी की 03 मोटर साइकिल।

3– 01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस।

## जनपद सम्भल/थाना रजपुरा

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 11 मोटर साइकिल, 03 चेचिस व मोटर साइकिल के पार्टस आदि बरामद**

दिनांक 19.10.2024 को थाना रजपुरा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर डीएसएम शुगर मिल के पास से 04 अभियुक्तों 1–शमशुद्दीन उर्फ छोटू 2–नीशू 3–कुलदीप 4–राजेश को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 11 मोटर साइकिल, 03 चेचिस व मोटर साइकिल के पार्टस आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त शमशुद्दीन उर्फ छोटू, नीशू व कुलदीप के विरूद्ध जनपद सम्भल के विभिन्न थानो में चोरी आदि के 06–06 अभियोग एवं अभियुक्त राजेश के विरूद्ध जनपद सम्भल के विभिन्न थानो में चोरी, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट आदि के 13 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना रजपुरा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–शमशुद्दीन उर्फ छोटू निवासी सम्भल चौराहा कस्बा गवां थाना रजपुरा जनपद सम्भल।

2–नीशू निवासी चामुंडा मोहल्ला कस्बा गवां थाना रजपुरा जनपद सम्भल।

3–कुलदीप निवासी चामुंडा मोहल्ला कस्बा गवां थाना रजपुरा जनपद सम्भल।

4–राजेश निवासी ग्राम भैंसरौली थाना रजपुरा जनपद सम्भल।

**बरामदगी**

1–चोरी की 11 मोटर साइकिल, 03 चेचिस व मोटर साइकिल के पार्टस आदि।

**जनपद सहारनपुर/थाना नकुड़**

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 07 मोटर साइकिल**
- **चोरी का 01 मोबाइल फोन**
- **चोरी के माल बिक्री के 05 हजार 320 रूपये नगद आदि बरामद**

दिनांक 20.10.2024 को थाना नकुड़ पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर नया गांव पेट्रोल पम्प के पास से 04 अभियुक्तों 1–आशीष 2–अक्षय 3–अंकुश 4–मोहित को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 07 मोटर साइकिल, चोरी का 01 मोबाइल फोन, चोरी के माल बिक्री के 05 हजार 320 रूपये नगद आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 18.10.2024 को थाना नकुड़ क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना नकुड़ पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद मोटर साइकिल चोरी की घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त अक्षय के विरूद्ध जनपद सहारनपुर के विभिन्न थानो में चोरी, आबकारी एक्ट आदि के 05 अभियोग, अभियुक्त अंकुश के विरूद्ध जनपद सहारनपुर के विभिन्न थानो में चोरी आदि के 07 अभियोग एवं अभियुक्त मोहित व आशीष के विरूद्ध जनपद सहारनपुर के विभिन्न थानो में चोरी आदि के अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना नकुड़ पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—आशीष निवासी ग्राम सिरसका थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर।

2—अक्षय निवासी ग्राम सिरसका थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर।

3—अंकुश निवासी ग्राम सिरसका थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर।

4—मोहित निवासी ग्राम सिरसका थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर।

**बरामदगी**

1—चोरी की 07 मोटर साइकिल।

2—चोरी का 01 मोबाइल फोन।

3—चोरी के माल बिक्री के 05 हजार 320 रूपये नगद आदि।

## एएनटीएफ/आपरेशनल यूनिट वाराणसी

- **मादक पदार्थ की तस्करी कर रहा अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 40 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 200 ग्राम अवैध हेरोइन**
- **नगद रूपया, 01 मोबाइल फोन आदि बरामद**

दिनांक 19.10.2024 को एएनटीएफ आपरेशनल यूनिट वाराणसी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर हड़हा सराय भीखाशाह गली थाना चौक के पास से मादक पदार्थ की तस्करी कर रहे अभियुक्त अरमान नसीम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 40 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 200 ग्राम अवैध हेरोइन, नगद रूपया, 01 मोबाइल फोन आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—अरमान नसीम निवासी नई सड़क थाना चेतगंज कमिश्नरेट वाराणसी।

**बरामदगी**

1—लगभग 40 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 200 ग्राम अवैध हेरोइन।

2—नगद रूपया, 01 मोबाइल फोन आदि।

## जनपद शाहजहाँपुर/थाना रामचन्द्र मिशन

- **अवैध मादक पदार्थ की तस्करी कर रहा 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **780 ग्राम अवैध अफीम**
- **01 मोबाइल फोन आदि बरामद**

दिनांक 19.10.2024 को थाना रामचन्द्र मिशन व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सीतापुर बरेली हाईवे से रिलाइंस की तरफ जाने वाले रास्ते से अवैध मादक पदार्थ की तस्करी कर रहे अभियुक्त अजय कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 780 ग्राम अवैध अफीम, 01 मोबाइल फोन आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना रामचन्द्र मिशन पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—अजय कुमार निवासी भटंडी थाना रोसडा जनपद समस्तीपुर बिहार।

**बरामदगी**

1—780 ग्राम अवैध अफीम।

2—01 मोबाइल फोन आदि।

———————